मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011
Website : www.mpmandiboard.in E-mail : programmer.mpmandiboard@gmail.com Tel. : 0755-4207541

कमांक / बी - 5 / 2 / वेब / 2023-24/ 1466 भोपाल, दिनांक 03/09/2024

प्रति,

प्रबंध संचालक,
क्रिस्प संस्था,
श्यामला हिल्स, भोपाल

विषय :-मंडी बोर्ड की बेवसाईट पर दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी के प्रदर्शन किये जाने संबंधी।
संदीर्भ:-कार्यालयीन कार्यादेश कमांक/बी-5/2/वेब/2023-24/737 दिनांक 26/09/2023

--00--

उल्लेखित विषय के संदर्भ में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की बेवसाईट www.mpmandiboard.in एवं www.mpmandiboardproperty.com "डिजाईन एण्ड रेवेन्यु मैनेजमेंट सिस्टम" के विकास, उन्नयन एवं वार्षिक संचालन व संधारण का कार्य आपकी संस्था के तकनीकी मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों के द्वारा अपनी मंडी में विक्रय के लिये आने वाली कृषि उपजों की दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की प्रविष्टि सीधे मंडी स्तर से मंडी बोर्ड की बेवसाईट पर किये जाने की व्यवस्था लागू है, इस व्यवस्था में आंशिक संशोधन करते हुये अब प्रदेश की केवल फल-सब्जी हेतु अधिसूचित 176 मंडी समितियों के द्वारा अपनी मंडी की फल-सब्जी की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी पूर्ववत प्रविष्ट की जायेगी।

साथ ही मंडी बोर्ड के द्वारा भारत सरकार एनआईसी की राज्य इकाई के तकनीकी मार्गदर्शन में ई-अनुज्ञा ऑनलाईन पोर्टल 24 X 7 का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों में आवक होने वाली अनाज, दलहन, तिलहन व चटनी मसाले आदि अधिसूचित उपजों के दैनिक विक्रय की जानकारी संधारित होकर प्रदर्शित हो रही है। इसमें फल-सब्जी की जानकारी शामिल नहीं है।

उपरोक्त दोनों जानकारियों में एकरुपता बनी रहे व त्रुटि की संभावना नगण्य हो इस दृष्टि से मंडी बोर्ड ई-अनुज्ञा पोर्टल पर प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में दैनिक रूप से विक्रय की जाने वाली कृषि उपज की दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की संधारित जानकारी API Web Service के माध्यम से मंडी बोर्ड की बेवसाईट पर प्रदर्शित हो सके, इस विषय में आपकी संस्था के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है, परन्तु वर्तमान तक उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई है।

अत: उपरोक्त कार्य को प्राथमिकता देते हुये शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि मंडी बोर्ड की बेवसाईट के उपयोगकर्ताओं को प्रदेश की समस्त मंडी समितियों की दैनिक आवक एवं भाव की नवीनतम व अद्यतन जानकारी स्वत: उपलब्ध होकर प्राप्त हो सकेगी।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक / बी - 5 / 2 / वेब / 2023-24/ 1467 भोपाल, दिनांक 03/09/2024

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, प्रथम तल, सतपुड़ा भवन भोपाल।

(02) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

(03) श्री कुलदीप चौहान, प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर, क्रिस्प, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(04) श्री विपिन शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, क्रिस्प, श्यामला हिल्स, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल